कोटद्वार, बुधवार
20 मार्च 2024
वर्ष: 45
अंक: 315 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल


डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

### दिल्ली शराब घोटाला : के.कविता ने केजरीवाल–सिसोदिया को 100 करोड़ दिए, ईडी ने किया दावा

नई दिल्ली , दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में बीआरएस नेता के.कविता की गिरफ्तारी के तीन दिन बाद 18 मार्च को ईडी की ओर बयान जारी किया गया। एजेंसी ने दावा किया है कि के.कविता ने दिल्ली एक्साइज पॉलिसी के निर्माण और लागू करने में लाभ पाने के लिए आप के सीनियर लीडर्स के साथ साजिश रची। एजेंसी का दावा है कि इसके लिए दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को 100 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। 18 मार्च को कविता ने अपनी गिरफ्तारी के विरोध में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चैलेंज किया है। फिलहाल, उन्हें 23 मार्च तक श्वष्ट की रिमांड में भेज दी गई हैं।इधर,ट्रक्क ने दावा किया है कि श्वष्ट, व्रख्रक्क की राजनीतिक शाखा की तरह काम कर रही है। ष्टरू अरविंद केजरीवाल पर लगे आरोप सरासर गलत हैं। ईडी का दावा है कि के.कविता को दिल्ली एक्साइज पॉलिसी बनाने और लागू करने में ट्रक्क नेताओं की मदद मिली। इस एहसान के बदले उन्हें 100 करोड़ रुपए का भुगतान के.कविता ने किया है। एजेंसी का कहना है कि मामले की जांच के दौरान इन बातों का पता चला है। जांच एजेंसी का कहना है कि शराब के होलसेलर्स के जरिए आम आदमी पार्टी के लिए रिश्वत ली गई थी। इसके अलावा कविता और उसके सहयोगियों को आप को अग्रिम भुगतान की गई राशि की वसूली करनी थी। उन्हें प्रॉफिट कमाना था।

## नागरिकता देने पर रोक नहीं...

# सीएए पर केन्द्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस




नई दिल्ली ,उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन नियम 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की याचिकाओं पर मंगलवार केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख नौ अप्रैल मुकर्रर की। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद केन्द्र सरकार को राहत दी है। नोटिफिकेशन पर फिलहाल रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने इन्कार कर दिया है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील देते हुए कहा, 237 याचिकाएं हैं। रोक (सीएए पर) लगाने की मांग करते हुए 20 आवेदन हैं। मुझे जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए।

अधिनियम (सीएए) किसी की नागरिकता नहीं छीनता है। याचिकाकर्ताओं के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है। पीठ उनकी इस गुहार पर कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई नौ अप्रैल को करेगी। याचिकाएं इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य की ओर से दायर की गई थी। शीर्ष अदालत ने 15 मार्च को इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की शीघ्र सुनवाई की गुहार स्वीकार करते हुए मामले को 19 मार्च के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था।

### उक्रांद के लोकसभा टिकटों में फंसा पेंच

देहरादून। उक्रांद के लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा मंगलवार को होनी थी। इसके लिए प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन कर मीडिया को निमंत्रण दिया गया। मीडिया के पहुंचने के बावजूद ऐन मौके पर प्रेस कांफ्रेंस को स्थगित कर दिया गया। उक्रांद केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने मंगलवार दोपहर दो बजे मीडिया के सामने प्रत्याशियों की घोषणा करनी थी।

दो बजे मीडिया के पहुंचने के बाद प्रेस कांफ्रेंस स्थगित करने की सूचना दी गई। बताया गया कि अगले एक दो दिन में प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। प्रेस कांफ्रेंस स्थगित करने के पीछे कारण प्रत्याशियों के नाम फाइनल न होना बताया गया। जबकि हकीकत ये है कि सभी पांचों सीटों पर नाम फाइनल कर दिए गए थे। बाकायदा मीडिया के लिए प्रेस नोट तैयार किया जा चुका था। ऐन मौके पर नैनीताल सीट के संभावित प्रत्याशी के बीमार पड़ने और टिहरी सीट पर कुछ और नाम सामने आने के बाद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा को टाल दिया गया।

# उत्तराखंड की पांचों संसदीय सीटों में से हरिद्वार सीट में बढ़े 122 % वोटर



देहरादून। 20 सालों में हरिद्वार लोकसभा सीट पर वोटरों की संख्या में रिकॉर्ड 122 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। 2004 के चुनाव में वोटरों की संख्या 914440 थी। सोमवार को जारी की गई फाइनल सूची में हरिद्वार लोकसभा सीट पर में 2031668 वोटर हैं।

इनमें 068753 पुरुष और 962756 महिला वोटर हैं। प्रदेश में और सबसे अधिक 159 ट्रांसजेंडर वोटर हरिद्वार में ही हैं। राज्य बनने के बाद पहली बार 2004 में राज्य में लोकसभा चुनाव हुआ। उस समय हरिद्वार में वोटरों की संख्या पांचों लोकसभा क्षेत्रों में सबसे कम 9,14440 थी। लेकिन अब 2019 की तरह हरिद्वार में सबसे अधिक ही वोटर हैं। 2004 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक वोटर टिहरी गढ़वाल में 12,92454 वोटर थे, जबकि नैनीताल–ऊधमसिंह नगर में 12,61688, अल्मोड़ा में 10,12756 और पौड़ी गढ़वाल में 10,81299 वोटर थे। अगली बार हुए चुनाव में हरिद्वार में 3,79840 वोटर बढ़ गए, क्योंकि इस बार हरिद्वार लोकसभा सीट में ऋषिकेश, डोईवाला और धर्मपुर क्षेत्र को भी शामिल किया गया था। डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में अन्य लोकसभा क्षेत्रों से अधिक मतदाता हैं।

**सबसे अधिक वोटर वाला बूथ भी हरिद्वार में**

डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि राज्य में सबसे अधिक वोटरों की संख्या वाला बूथ भी हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में ही है। डोईवाला विधानसभा के नकरौंदा में सबसे अधिक 1462 वोटर हैं। भगवानपुर के चौल्ली शहाबुद्दीनपुर में 1453 वोटरों की संख्या वाला बूथ है।

**कब कितने थे वोटर**

हरिद्वार लोकसभा सीट पर 2004 में वोटरों की संख्या 9,14440 थी। 2009 के चुनाव में 12,94280 तथा 2014 में 16,42873 और 2019 में 1840738 और इस बार 2031668 वोटर हैं।

# केदारनाथ धाम के पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य निरंतर जारी



रुद्रप्रयाग : उत्तराखंड सरकार द्वारा चार धाम यात्रा के शुरू होने से तैयारियों में जुट गया है। केदारनाथ पैदल मार्ग में लिंचौली से केदारनाथ तक काफी बर्फ जमी है। ऐसे में गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल आवाजाही सुचारु करने के लिए लिंचौली से केदारनाथ के बीच बर्फ हटाई जा रही है ताकि यहां आवाजाही शुरू की जा सके। लोनिवि डीडीएमए के करीब 50 से अधिक मजदूर बर्फ हटाने में जुटे हैं। लिंचौली से बर्फ हटाते हुए मजदूर दो किमी. आगे पहुंच गए हैं। हालांकि अधिक बर्फ होने के कारण मजदूर दो टीमें बनाकर बर्फ हटा रहे हैं। पहली टीम आगे और दूसरी टीम पीछे दोबारा बर्फ हटाकर रास्ते को आवाजाही के लिए तैयार कर रही है। डीडीएमए के ईई विनय झिंक्वाण ने बताया कि पैदल रास्ते की बर्फ हटाने का काम जारी है। मौसम साथ देता रहा तो जल्द ही टीम केदारनाथ धाम पहुंच जाएगी। (एजेंसी)

### बदरीनाथ-हेमकुंड में बर्फबारी

चमोली जनपद में मौसम अचानक बदल गया। जिससे बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब के अलावा अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई। निचले क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई है। देर शाम तक भी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होती रही। बारिश और बर्फबारी से चमोली जनपद में फिर से ठंड लौट आई है।

गोविंदघाट गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि हेमकुंड साहिब में करीब 10 फीट बर्फ जम गई है।


## हिंद महासागर में समुद्री डकैतों व आतंकवाद से निपटने के लिए भारत प्रतिबद्ध : पीएम मोदी



नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत हिंद महासागर में जहाजों के परिवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और समुद्री डकैती व आतंकवाद से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सोमवार को अपहृत बुल्गारियाई जहाज एमवी रुएन के सफल बचाव अभियान चलाने के लिए भारतीय नौसेना के प्रति बुल्गारिया के राष्ट्रपति रुमेन राडेव के आभार की सराहना करते हुए यह बात कही। पीएम मोदी ने एक्स पर अपने संदेश में कहा, राष्ट्रपति आपके संदेश की हम सराहना करते हैं। हमें खुशी है कि सात बुल्गारियाई नागरिक सुरक्षित हैं और जल्द ही घर लौट जाएंगे। भारत हिंद महासागर में नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और समुद्री डकैतों व आतंकवाद से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। जहाज ह्यरूएनह्ण का पिछले साल दिसंबर में अरब सागर में समुद्री लुटेरों ने अपहरण कर लिया था। एक्स पर एक पोस्ट में, बुल्गारियाई राष्ट्रपति ने कहा, अपहृत बुल्गेरियाई जहाज रुएन और सात बुल्गारियाई नागरिकों सहित उसके चालक दल को बचाने के लिए भारतीय नौसेना की बहादुरी भरी कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेरा हार्दिक आभार। इससे पहले, बुल्गारिया की विदेश मंत्री मारिया गेब्रियल ने कहा था कि उन्होंने भारतीय नौसेना के ऑपरेशन पर बुल्गारिया में भारतीय राजदूत संजय राणा से बातचीत की और बुल्गारियाई नागरिकों को बचाने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

## बाबा रामदेव की मुश्किलें बढ़ी

# झूठे विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भेजा अवमानना का नोटिस



नई दिल्ली ,सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को अवमानना का नोटिस जारी करते हुए दो सप्ताह बाद कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के कथित भ्रामक विज्ञापन को लेकर यह आदेश सुनाया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी योगगुरु रामदेव को नोटिस जारी कर कोर्ट में बुलाया था। कोर्ट ने तीन सप्ताह के भीतर पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर बालकृष्ण और योगगुरु रामदेव से जवाब मांगा था। इसके अलावा सुपरीम कोर्ट ने संस्था के विज्ञापन प्रकाशित करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया था।

डॉक्टरों के संगठन का कहना है कि बाबा रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी प्रेस कॉन्फ्रेंस करके डॉक्टरों पर दुष्प्रचार का आरोप लगाया। इसके अलावा कोर्ट से रोक के बाद भी उन्होंने विज्ञापन प्रकाशित करवाया। कोर्ट ने भी कहा था कि, आदेश के बाद भी विज्ञापन प्रकाशित हो रहे हैं जिनमें कहा जा रहा है कि केमिकल आधारित दवाएं से अच्छी पतंजलि की दवाएं हैं। ऐसे में पतंजलि आयुर्वेद लगातार कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर रहा है। दरअसल पतंजलि आयुर्वेद ने कोर्ट को अंडरटेकिंग दी थी और इसके बावजूद विज्ञापन छपवाया। ऐसे में जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने नाराजगी जाहिर करते हुए रामदेव और एमडी आचार्य बालकृष्ण से जवाब मांगा। जवाब नहीं मिलने पर कोर्ट ने हाजिर होने का आदेश दे दिया और अवमानना का नोटिस भी थमा दिया। पतंजलि के विज्ञापनों में बाबा रामदेव की तस्वीर भी लगी थी। ऐसे में कोर्ट ने उन्हें भी पार्टी बनाया और पूछा कि आखिर उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों ना शुरू की जाए?

## एक नजर

### विज्ञापनों को हटाने का खर्चा पार्टियों से लें

देहरादून। चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद सरकारी तंत्र ने दीवारों पर लिखी लिखावट, खम्बों आदि पर लगे बिल बोर्ड्स, पोस्टर्स बैनर्स आदि को हटाने का कार्य शुरू किया है। जागरूक बनो आवाज उठाओ संगठन के संयोजक यशवीर आर्य ने कहा कि इसका खर्चा संबंधित व्यक्तियों, संगठनों और राजनैतिक दलों से वसूल किया जाए। सबको पता था कि चुनाव घोषित होने हैं उसके बाबजूद भी 15 दिन पूर्व ही हजारों बोर्ड्स लगते रहे।

### बिहार के पूर्व मंत्री रघुनाथ गुप्ता का नोएडा में निधन

नोएडा ,बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व पूर्व एमएलसी रघुनाथ गुप्ता का उनके नोएडा स्थित आवास पर निधन हो गया। वह 79 साल के थे और काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। वह नोएडा के सेक्टर–51 में रहते थे।

मूल रूप से बिहार के पूर्वी चंपारण स्थित मोतिहारी निवासी रघुनाथ गुप्ता जयप्रकाश नारायण द्वारा 1974 में छात्र आंदोलन को संचालित करने के लिए बनाई 11 सदस्यीय संस्थापक समिति के सदस्य भी थे। इस समिति का नाम बिहार प्रदेश छात्र संघर्ष समिति रखा गया था। उन दिनों रघुनाथ गुप्ता ने छात्र हितों के लिए बढ़चढ़ कर काम किया।

वे बिहार विधान परिषद के सदस्य और बिहार सरकार में मंत्री रहे। आपातकाल के दौरान उन्हें 19 महीने की जेल यातना भी सहनी पड़ी थी। साल–2014 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने उन्हें बिहार में पूर्वी चंपारण लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया था,

हालांकि वे चुनाव हार गए। रघुनाथ गुप्ता के बेटे अभिषेक गुप्ता ने बताया, सोमवार देर रात पिताजी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार पूर्वी चंपारण, बिहार में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

## चीन और अस्थिर सीमाएं भारत और सेना के लिए सबसे विकट चुनौती

### सीडीएस जनरल चौहान का बड़ा दावा

नई दिल्ली ,सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने चीन के साथ अस्थिर सीमाओं और चीन के उदय को सबसे विकट चुनौती बताया है। सीडीएस ने ये भी कहा है कि भारत और भारतीय सशस्त्र बलों को निकट भविष्य में चीन का सामना करना पड़ेगा। सीडीएस ने कहा है कि चीन के साथ अस्थिर सीमाएं और चीन का उदय निकट भविष्य में भारत और भारतीय सशस्त्र बलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती बना रहेगा।

सीडीएस चौहान सोमवार को सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के रक्षा और सामरिक अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित ह्यचीन के उदय और विश्व पर इसके प्रभाव पर तीसरी रणनीतिक और सुरक्षा वार्ताह्ण कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि आज हम जिस चुनौती का सामना कर रहे हैं वह अस्थिर सीमाएं हैं। भारत की प्राचीन सीमाएं आकार लेने लगी हैं। उन्होंने कहा कि हमें विवादित सीमाएं विरासत में मिलीं। चीन द्वारा तिब्बत पर कब्जे ने उन्हें एक नया पड़ोसी बना दिया और भारत के विभाजन ने एक नए राष्ट्र का निर्माण किया जो शत्रुता और हमारे प्रति नफरत पर पनपा। कार्यक्रम में जनरल चौहान ने कहा कि आज भारत के दोनों पड़ोसियों ने सीमा पर विवाद किया है। संघर्षों के कारण वास्तविक नियंत्रण रेखा, नियंत्रण रेखा और वास्तविक जमीनी स्थिति रेखा जैसे शब्द सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों को विवादित सीमाओं पर शांतिकाल के दौरान भारत के दावों की वैधता बनाए रखने की जरूरत है और इस बात पर जोर दिया कि सभी घर्षण बिंदुओं पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) से चतुराई से निपटने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को सहमत नियमों के दायरे में काम करने की आवश्यकता होगी।

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी ने विधानसभा से भी दिया त्यागपत्र

रांची , शिबू सोरेन परिवार की बड़ी बहू और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने पार्टी से इस्तीफा देने के बाद विधानसभा से भी इस्तीफा दे दिया है। सीता सोरेन फिलहाल दिल्ली में हैं और खबर है कि वह भाजपा ज्वाइन कर सकती हैं। उनके साथ उनकी दो बेटियां जयश्री सोरेन और राजश्री सोरेन भी भाजपा की सदस्यता ले सकती हैं।

सीता के इस्तीफे को झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वह हेमंत सोरेन के दिवंगत बड़े भाई स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। शिबू सोरेन के बाद दुर्गा सोरेन ही उनके स्वाभाविक उत्तराधिकारी माने जा रहे थे, लेकिन उनके आकस्मिक निधन के बाद हेमंत सोरेन पिता की विरासत संभालने आगे आए थे। सीता सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय महासचिव थीं और संथाल परगना के जामा क्षेत्र से विधायक चुनी गई थीं।

# पौड़ी जिले में 945 पोलिंग बूथों में होगा मतदान

### पैदल दूरी को देखते हुए बनाए गए 12 नए पोलिंग बूथ



| विधान सभा क्षेत्र | पूर्व पोलिंग बूथ | दूरी के आधार पर नए बूथ | समायोजन | कुल पोलिंग बूथ |
|---|---|---|---|---|
| यमकेश्वर | 175 | – | 1 | 174 |
| पौड़ी | 163 | 2 | 4 | 161 |
| श्रीनगर | 171 | 4 | 2 | 173 |
| चौबट्टाखाल | 160 | 2 | – | 162 |
| लैंसडौन | 134 | 4 | – | 138 |
| कोटद्वार | 141 | – | 4 | 137 |
| योग | | 944 12 | 11 | 945 |

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अंतर्गत पौड़ी जनपद में 945 मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) में मतदाता वोट डालेंगे। आगामी चुनावों के लिए पैदल दूरी को देखते हुए 12 नए पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। वहीं मतदाताओं की संख्या को देखते हुए 11 पोलिंग बूथ का उसी भवन में दूसरे पोलिंग बूथ में समायोजन किया गया है।

आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव की जिले में तैयारियां जोरों पर है। वर्तमान में नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा रहा है। वहीं, पोलिंग बूथ संबंधी कसरत पूर्व में ही पूरी हो चुकी है।

पौड़ी जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में पूर्व में 944 पोलिंग बूथ थे। इस बार 945 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि विभिन्न परिस्थितियों को देखते हुए वर्ष 2023 में पोलिंग बूथों का पुनर्निधारण किया गया था। दो किलोमीटर से अधिक दूरी को देखते हुए 12 नए पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। ऐसे भवन जहां एक से अधिक मतदेय स्थल थे, वहां मतदाताओं की संख्या को देखते हुए पोलिंग बूथों को उसी भवन में स्थापित अन्य पोलिंग बूथों में समायोजन किया गया है।

ऐसे बूथों की संख्या 11 है। उन्होंने बताया कि सामान्य मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए नए पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। वहीं दिव्यांग और 80 साल से ऊपर के बुजुर्ग मतदाताओं के मतदान के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि विवादः मस्जिद ट्रस्ट को झटका, सुको ने खारिज की याचिका



**नई दिल्ली, एजेंसी**। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट से मस्जिद ट्रस्ट को बड़ा झटका लगा है. सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार 19 मार्च को शाही ईदगाह मस्जिद ट्रस्ट की उस अपील का निपटारा कर कर दिया, जिसमें इस केस से संबंधित 15 मुकदमों को एक साथ जोड़कर सुनवाई करने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के निर्देश को चुनौती दी गई थी. शीर्ष अदालत ने यह नोट किया कि चुनौती के तहत आदेश को वापस लेने का एक आवेदन इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है.

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मुस्लिम पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से कहा, 'यदि मामलों को समेकित किया गया तो इससे केवल जटिलताएं पैदा होंगी'. न्यायमूर्ति खन्ना ने जवाब में कहा कि यदि कोई जटिलता हो तो वे (उच्च न्यायालय) आदेश वापस ले सकते हैं.

वकील द्वारा उच्च न्यायालय में रिकॉल के लिए आवेदन का उल्लेख करने के बाद, पीठ ने कहा, 'तो क्या फिर इस रिट याचिका पर फैसला होने तक सुनवाई नहीं की जानी चाहिए?'. वकील ने कहा कि मामले को लंबित रखा जा सकता है. वरिष्ठ अधिवक्ता गरिमा प्रसाद और अधिवक्ता विष्णु जैन प्रतिवादियों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे. न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि उच्च न्यायालय का आदेश बिना सूचना के पारित नहीं किया जाना चाहिए. यह गलत है और जल्दबाजी और हड़बड़ी से जटिलताएं पैदा होती हैं. एक श्री नसीरुजमान ने सहमति व्यक्त की और एक श्री प्राचा ने विरोध किया. वे दोनों प्रतिवादी संख्या 2 की ओर से पेश हो रहे थे, स्थिति क्या है? प्रसाद ने कहा कि पहले दोनों ने सहमति जताई. जस्टिस खन्ना ने कहा, 'नहीं, अगर कोर्ट जल्दबाजी और हड़बड़ी में आगे बढ़ेगा तो आप मुश्किल में पड़ जाएंगे'. न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, 'हम आसानी से आदेश को रद्द कर सकते हैं, क्योंकि उनकी बात नहीं सुनी गई. प्रसाद ने जवाब दिया कि 18 दिसंबर 2023 को नोटिस जारी किया गया था. पीठ ने कहा, 'उनका सटीक तर्क यह है कि उन्हें सेवा नहीं दी गई और इसे पहली बार सूचीबद्ध किया गया था'. याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल को जवाब देने के लिए समय नहीं दिया गया और आवेदन पर कोई नोटिस जारी नहीं किया गया. अदालत ने कोई नोटिस जारी नहीं किया, अगले दिन ही इस पर सुनवाई कर दी गई. पीठ ने कहा, 'हमें कोई झिझक नहीं है, हम इस आदेश को रद्द कर सकते हैं. इसे वापस भेज सकते हैं, नोटिस कब दिया गया था?'. प्रसाद ने कहा कि 18 दिसंबर को नोटिस दिया गया था. उसके बाद अन्य पक्षों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई, फिर उन पर विचार किया गया. पीठ ने कहा, 'याचिकाकर्ता का रिकॉल आवेदन उच्च न्यायालय में लंबित है और उस रिकॉल आवेदन पर फैसला किया जाए. याचिकाकर्ता ने फैसले की समीक्षा के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष आवेदन दायर किया है'.

पीठ ने आदेश जारी कर कहा, 'हम याचिकाकर्ता को समीक्षा/वापसी के फैसले के बाद इसे पुनर्जीवित करने की स्वतंत्रता के साथ वर्तमान विशेष अनुमति याचिका का निपटारा करते हैं'. याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि एक समीक्षा आवेदन हो सकता है, जिस पर विचार किया जा सकता है।

# लोकसभा चुनावों में थी बड़ी वारदात की साजिश

### पुलिस ने 4 नक्सलियों को किया ढेर, 36 लाख था इनाम

मुंबई ,महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच आज मंगलवार सुबह बड़ी मुठभेड़ हुई है। इसमें महाराष्ट्र पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है और जानकारी के अनुसार एनकाउंटर के दौरान 4 नक्सली मारे गए हैं। बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि एक बड़ा नक्सल ग्रुप लोकसभा चुनावों में बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए गढ़चिरौली के जंगलों में छिपा है।

इस जानकारी के बाद महाराष्ट्र पुलिस की स्पेशल ष्ट–60 कमांडो और बीएसएफ के कमांडो ने जंगली इलाके में ऑपरेशन शुरू किया। काफी देर देर तक नक्सली और पुलिस के बीच एनकाउंटर चला। बाद में पुलिस ने मौके से 4 नक्सलियों के शव बरामद किए। इस दौरान पुलिस ने नक्सलियों के पास से एके 47 राइफल समेत कई हथियार जब्त भी किए। बताया जा रहा है कि मारे गए इन चारों नक्सलियों के ऊपर 36 लाख रुपए का इनाम रखा गया था। फिलहाल, पुलिस ने इन नक्सलियों की पहचान उजागर नहीं की है। गौरतलब है कि गढ़चिरौली महाराष्ट्र का सबसे अधिक नक्सल प्रभावित इलाका है।

बता दें कि इससे पहले शनिवार को छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया था।

## संपादकीय

# हरिद्वार पर महासंग्राम

लोकसभा चुनाव-2024 में उत्तराखंड की 5सीटों पर भी भाजपा एवं कांग्रेस के के बीच सीधा मुकाबला है। खास तौर से हरिद्वार सेट को लकर जहां कांग्रेस अभी तक अपने प्रत्याशी का चुनाव नहीं कर पाई है तो वहीं भाजपा के लिए भी इस सीट पर अपने लिए उम्मीदवार तय करना एक टेढ़ी खीर साबित हुई थी। भाजपा से वर्तमान में हरिद्वार के सांसद डॉक्टर रमेश पोखरियाल "निशंक" है लेकिन इस बार पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया और उनके स्थान पर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के नाम पर मोहर लगाई। उधर कांग्रेस में भी हरिद्वार सीट के लिए प्रत्याशी चुनाव काफी दिलचस्प हो चुका है। चर्चा है कि खानपुर विधायक उमेश कुमार शर्मा भी हरिद्वार लोकसभा सीट पर अपना भाग्य आजमा सकते हैं और कायसबाजियां यह भी लगाई जा रही थी की कांग्रेस के टिकट पर यह चुनाव लड़ने के इच्छुक है हालांकि उनकी ओर से इस बात की कभी पुष्टि नहीं की गई। हरिद्वार सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को हर का सामना करना पड़ा था, और यही कारण है कि इस बार कांग्रेस ऐसे प्रत्याशी को हरिद्वार सीट से उतरना चाहती है जो भाजपा के जीत के कम को रोकने में सफल हो सके। अब सवाल यह उठता है कि आखिर कांग्रेस हरिद्वार सीट पर किसे चुने? इसके लिए फिलहाल कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है लेकिन हरीश रावत के नाम पर यदि सहमति नहीं बनती है तो पूर्व मुख्यमंत्री हरक सिंह रावत को कांग्रेस मौका दे सकती है। हालांकि हरक सिंह रावत खिलाफ पिछले दिनों जिस प्रकार के हालात पैदा हुए थे उसे देखते हुए कहीं ना कहीं उनके नाम पर थोड़ा विवाद उत्पन्न हो सकता है। कांग्रेस के लिए हरिद्वार सीट कितनी महत्वपूर्ण है यह यूं ही साबित हो जाता है कि पिछले दो दिनों से कांग्रेस संगठन इस सीट पर उम्मीदवार को लेकर काफी मंथन कर चुकी है। कांग्रेस को खानपुर के निर्दलीय विधायक उमेश कुमार शर्मा के निर्णय की भी प्रतीक्षा है कि आखिर वह किस करवट बैठते हैं? विधानसभा चुनाव में कानपुर के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन की पत्नी को हराकर उमेश कुमार शर्मा ने अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत बतौर विधायक की है और यदि वह हरिद्वार सीट से सांसद का चुनाव लड़ते हैं तो निश्चित तौर पर वह किसी भी डाल के लिए हार जीत के बीच एक मजबूत कड़ी का काम करेंगे। कहा तो यह भी जा रहा है कि हरिद्वार सीट पर उमेश कुमार शर्मा भाजपा के लिए मुसीबत पैदा कर सकते हैं बशर्ते कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार घोषित करे। फिलहाल ना तो स्वयं उमेश कुमार शर्मा बल्कि कांग्रेस संगठन भी इस सीट को लेकर चल रही कायसबाजियों पर कुछ कहने को तैयार है लेकिन इतना तय है कि उत्तराखंड की पांचो सीटों में से इस बार हरिद्वार की लड़ाई काफी दिलचस्प होने वाली है।

# चंदा सत्ता की पार्टी को ही!

**हरिशंकर व्यास**

**ममता बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस)बहरहाल, केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के बाद सबसे ज्यादा चंदा ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस को मिला है। ध्यान रहे वे 2011 के बाद से लगातार पश्चिम बंगाल की सरकार में हैं। उनको कुल 1,609 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड मिला है। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक किए गए आंकड़ों के मुताबिक ममता बनर्जी की पार्टी जब मई 2021 में तीसरी बार जीती और तमाम माहौल बनाने के बावजूद भाजपा नहीं जीत पाई तो अचानक तृणमूल कांग्रेस को मिलने वाले चंदे में भारी इजाफा हुआ। आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर-नवंबर 2020 और जनवरी 2021 में तृणमूल कांग्रेस ने कुल 65 बॉन्ड कैश कराए, जिनसे उसे 43.4 करोड़ रुपए मिले। लेकिन चुनाव के दौरान यानी मार्च और अप्रैल 2021 में तृणमूल कांग्रेस ने 171 बॉन्ड कैश कराए, जिनसे उसे 55.44 करोड़ रुपए मिले। इसके बाद शुरू होती है असली कहानी। मई में तीसरी बार सरकार में आने के बाद ममता बनर्जी की पार्टी ने मई में 337 बॉन्ड कैश कराए, जिनसे उसे 107 करोड़ रुपए से ज्यादा मिले।**

चुनावी बॉन्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मिले चंदे का ब्योरा सार्वजनिक हो गया है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने का जो कानूनी तरीका स्थापित किया गया था उसमें पारदर्शिता की कोई गुंजाइश नहीं थी। देश के नागरिकों से यह बात छिपाई गई कि किस पार्टी को कौन चंदा दे रहा है और कितना चंदा दे रहा है? लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस गोपनीयता पर से परदा हटा दिया है।

यह भी कह सकते हैं कि पहला परदा हट गया है। यह पता चल गया है कि किस कंपनी ने किस तारीख को कितने रुपए का बॉन्ड खरीदा। यह भी पता चला है कि किस पार्टी ने किस तारीख को कितने रुपए का बॉन्ड भुनाया। हालांकि अब भी बॉन्ड का यूनिक नंबर सार्वजनिक नहीं किया गया है, जिससे यह पता चले कि किस कंपनी द्वारा खरीदा गया बॉन्ड किस राजनीतिक दल ने भुनाया है। फिर भी यह पता चल गया है कि किस कंपनी ने सबसे ज्यादा बॉन्ड खरीदा और किस पार्टी ने सबसे ज्यादा बॉन्ड को कैश कराया।

अभी जितना खुलासा हुआ है उसका लब्बोलुआब है कि भले इसे राजनीतिक चंदे का नाम दिया जा रहा है लेकिन यह चंदा राजनीतिक दलों को कम और सरकारों को ज्यादा मिलता है। कहने का मतलब है कि जिस पार्टी की सरकार रहती है उसको चंदा मिलता है। विपक्षी पार्टियों को चिड़िया के चुग्गे के बराबर चंदा मिलता है। दूसरा निष्कर्ष यह भी है कि उत्तर भारत के हिंदी पट्टी की पार्टियों की हैसियत कुछ नहीं है। देश के बड़े कॉरपोरेट घराने उनको कुछ नहीं समझते हैं। इसका कारण यह भी हो सकता है कि हिंदी पट्टी के राज्यों में बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए कोई अवसर नहीं होता है इसलिए वे इस इलाके की पार्टियों को नाममात्र का चंदा देते हैं या नहीं देते हैं।

तभी बिहार में सत्ता में होने के बावजूद नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यू को बहुत मामूली चंदा मिला है। उनके मुकाबले मुख्य विपक्षी राजद को थोड़ा ज्यादा चंदा मिला है। उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी को भी चुनावी बॉन्ड के जरिए बहुत कम फंडिंग हुई है, जबकि बसपा को चुनावी बॉन्ड से कोई चंदा नहीं मिला है।

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि खनिज संपदा से संपन्न राज्य झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा चार साल से सरकार में है लेकिन उसका नाम टॉप पार्टियों में नहीं है। जबकि झारखंड में देश के बड़े कॉरपोरेट घरानों का बड़ा निवेश है और बड़ा काम है। ध्यान रहे चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने वालों में देश की बड़ी और नामी कंपनियों के नाम नहीं हैं। चुनावी चंदे में पार्टियों का ब्यौरा यह है-

ममता बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस)बहरहाल, केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के बाद सबसे ज्यादा चंदा ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस को मिला है। ध्यान रहे वे 2011 के बाद से लगातार पश्चिम बंगाल की सरकार में हैं। उनको कुल 1,609 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड मिला है। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक किए गए आंकड़ों के मुताबिक ममता बनर्जी की पार्टी जब मई 2021 में तीसरी बार जीती और तमाम माहौल बनाने के बावजूद भाजपा नहीं जीत पाई तो अचानक तृणमूल कांग्रेस को मिलने वाले चंदे में भारी इजाफा हुआ।



आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर-नवंबर 2020 और जनवरी 2021 में तृणमूल कांग्रेस ने कुल 65 बॉन्ड कैश कराए, जिनसे उसे 43.4 करोड़ रुपए मिले। लेकिन चुनाव के दौरान यानी मार्च और अप्रैल 2021 में तृणमूल कांग्रेस ने 171 बॉन्ड कैश कराए, जिनसे उसे 55.44 करोड़ रुपए मिले। इसके बाद शुरू होती है असली कहानी। मई में तीसरी बार सरकार में आने के बाद ममता बनर्जी की पार्टी ने मई में 337 बॉन्ड कैश कराए, जिनसे उसे 107 करोड़ रुपए से ज्यादा मिले।

उसी साल अक्टूबर में पार्टी ने करीब 142 करोड़ के बॉन्ड कैश कराए और फिर जनवरी 2022 में 224 करोड़ रुपए का बॉन्ड भुनाया। इसके बाद 2022 में ही तृणमूल कांग्रेस ने 203 करोड़ रुपए का बॉन्ड और भुनाया। देश की बड़ी कंपनियों ने तृणमूल को चंदा दिया होगा। गौरतलब है कि सबसे ज्यादा बॉन्ड खरीदने वाली 20 कंपनियों में तीन पश्चिम बंगाल में स्थित हैं। उनमें से हल्दिया एनर्जी ने 377 करोड़ का बॉन्ड खरीदा, कैवेंटर फूड पार्क ने 195 करोड़ और एमकेजे इंटरप्राइज ने 192 करोड़ रुपए का बॉन्ड खरीदा था। बंगाल स्थित कंपनियों से ममता बनर्जी की पार्टी को ज्यादा चंदा मिला हो सकता है।

कांग्रेस पार्टी बनाम टीआरएसझ्र को कुल 1,421 करोड़ रुपए के बॉन्ड मिले हैं। यानी उसे एक राज्य में सरकार वाली तृणमूल कांग्रेस के मुकाबले दो सौ करोड़ रुपए कम मिले हैं। लेकिन इससे भी दिलचस्प यह है कि चौथे नंबर पर के चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति है। 2023 के दिसंबर तक तेलंगाना में उसकी सरकार थी। उसे 1,214 करोड़ रुपए का बॉन्ड मिला है। यानी अखिल भारतीय स्तर की पार्टी, संसद की मुख्य विपक्षी पार्टी और दिसंबर 2023 तक चार राज्यों में सरकार चला रही कांग्रेस को जितना मिला था उससे सिर्फ दो सौ करोड़ कम एक राज्य तेलंगाना में सत्तारूढ़ दल को चंदा मिला था।

पांचवें नंबर पर ओडिशा में पिछले 24 साल से सत्तारूढ़ बीजू जनता दल है, जिसे 775 करोड़ रुपए से ज्यादा का चुनावी बॉन्ड मिला था। इसके बाद तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके को 639 करोड़ फिर आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएस कांग्रेस को 337 करोड़ रुपए मिले। महाराष्ट्र में 2022 के जून तक सत्ता में रही शिव सेना को 158 करोड़ रुपए मिले। चुनावी बॉन्ड जारी होने के बाद डेढ़ साल तक बिहार में सत्ता रही राष्ट्रीय जनता दल को 72 करोड़ रुपए का बॉन्ड मिला। भाजपा-कहने की जरुरत नहीं है कि चुनाव आयोग की ओर से सार्वजनिक किए गए ब्योरे के मुताबिक सबसे ज्यादा चंदा भारतीय जनता पार्टी को मिला है। उसने 6,060 करोड़ रुपए का बॉन्ड कैश कराया है। स्टट बैंक ने जो ब्योरा दिया है उसमें 2019 से 2024 का डाटा है। इस अवधि में कुल 12,156 करोड़ रुपए के बॉन्ड बिके थे। इसमें से लगभग आधा यानी 6,060 करोड़ अकेले भाजपा को मिला है। इसका ब्योरा सार्वजनिक नहीं हुआ है लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि 2019 में ज्यादा बड़े बहुमत के साथ भाजपा के केंद्र की सरकार में लौटने के बाद उसको मिलने वाले चुनावी बॉन्ड में बढ़ोतरी हुई होगी। अगले कुछ दिन में जो आंकड़े और डिकोड होंगे या चुनावी बॉन्ड के यूनिक अल्फा न्यूमेरिक नंबर्स जारी होंगे तब पता चलेगा कि भाजपा और दूसरी पार्टियों को किस कारोबारी घराने ने कितना रुपए चंदा दिया। लेकिन इतना स्पष्ट है कि जो पार्टियां सरकार में थीं उन्हें दूसरी पार्टियों के मुकाबले ज्यादा चंदा मिला है। यह भी स्पष्ट है कि चंदा देने वाले कारोबारियों ने कांग्रेस की अनदेखी की। ऐसा लग रहा है कि उन्हें कांग्रेस को चंदा देने में खतरा लग रहा था। तभी उन्होंने सत्तारूढ़ प्रादेशिक पार्टियों को तो खुले हाथ से चंदा दिया है लेकिन कई राज्यों में सरकार चला रही कांग्रेस को उसकी तुलना में कम चंदा दिया है।

# पुतिन जीते, समय मेहरबान!

**श्रुति व्यास**

वक्त व्लादिमिर पुतिन पर मेहरबान है। वे यूक्रेन युद्ध में ह्यजीतह्न रहे हैं। उनके खिलाफ बगावत का नेतृत्व करने वाले येवगेनी प्रिगोझिन को विमान हादसे में मरवाने में वे कामयाब रहे हैं। और इस साल उन्होंने अपने प्रबल विरोधी अलेक्सी नवलनी को खत्म करवा दिया। इस सबके चलते उन्होंने बिना किसी खास प्रयास के और दिक्कतों व परेशानियों के बगैर एक शानदार चुनावी जीत हासिल की। यहां तक कि उजड़े और वीरान मारियूपोल ने भी मतदान किया और पुतिन की ह्यपुनर्विजयह्न में भूमिका अदा की। यह साफ़ है कि उनका राज कायम रहेगा। और रूस व बलपूवर्क हासिल किए गए कुछ अन्य इलाकों पर उनका सख्त नियंत्रण बना रहेगा। वे रूस के नए जार हैं। युद्ध जारी रहेगा बल्कि और तेज, और हिंसक, और घातक बनता जाएगा। पश्चिम व अन्य देश मूकदर्शक बने रहेंगे। पुतिन को रोकनेवाला कोई नहीं है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमेन्युल मेक्रों के यह कहने की देर थी कि युद्ध में यूक्रेन का पक्ष मजबूत करने के लिए नाटो को अपने सैनिक भेजने पर विचार करना चाहिए कि पुतिन ने एक बार फिर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी दे दी। पुतिन की ज्यादातर बातें केवल गीदड़ भभकियां हैं। मगर वे यह मानते हैं कि वक्त उनके साथ है और इसलिए वे कुछ भी कर सकते हैं। इन हालातों में उनकी महत्वाकांक्षाएं बढना स्वाभाविक है। वे यूक्रेन से भी आगे बढेंगीं। वे अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए और निष्ठुर हो जाएंगे झ्र वे सोवियत साम्राज्य के नए जार बनना चाहेंगे, और साथ ही दुनिया का जार नही। और पश्चिमी देश व बाकी दुनिया दर्शक दीर्घा में बनी रहेगी। पुतिन की चमड़ी मोटी हो चुकी है और उनका तनिक भी नुकसान नहीं हुआ है। पश्चिम द्वारा घोषित और लागू किए गए प्रतिबंधों से वे और अधिक शक्तिशाली और समृद्ध हुए हैं। आर्थिक तौर पर एवं विचारधारा की दृष्टि से पुतिन का उदय रोकने में पश्चिम विफल रहा है। पुतिन ने 1999 में सत्ता संभाली। उन्होंने योजनाबद्ध ढंग से रूस में लोकतंत्र का गला घोंटा, पहले धीरे-धीरे और युवा शहरियों द्वारा 2010 के दशक में व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद तेजी से। उनका आरोप है कि पश्चिम उनकी सरकार के लिए समस्याएं उत्पन्न कर रहा है। और इसलिए अपनी सत्ता की रक्षा के लिए वे रूस की जनता को पश्चिम के असर से मुक्त करने और अमरीका और नाटो के खिलाफ रूसियों को एकताबद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं। आज रूस की अर्थव्यवस्था सिकुड़ कर मध्यम आकार की बन चुकी है और दुनिया में फैलाने के लिए उसके पास पुतिनवाद के अलावा कोई और विचारधारा नहीं है। फिर भी रूस सुरक्षित है और सारी दुनिया के लिए खतरा बनने की क्षमता रखता है।बल्कि खतरा बना हुआ है। पुतिन का रूस सोवियत साम्राज्य का जार और सारी दुनिया का शहंशाह बनने को उद्यत है। क्या कोई है जो पुतिन को रोक सके? न तो पश्चिम और ना ही उसके प्रतिबंधों में यह क्षमता है और ना ही नाटो और उसकी सैन्य शक्ति में। वैसे भी, दुनिया के गैर-ज़िम्मेदार देशों की मूर्खताएं जो कहर बरपा सकती हैं उसकी तुलना में नाटो की ताकत कुछ भी नहीं है। पुतिन को सिर्फ जनता रोक सकती है। यह ताकत केवल रूसियों के पास है। एक क्रांति इसका जरिया हो सकती है। अफसोस, वक्त उनके साथ नहीं है। उन्हें पुतिन का तख्तापलट करने के लिए क्रांति करने का न तो अवसर है, ना समर्थन हैं और न लोगों में जोश भरने वाली कोई आवाज़ है। उनके पास अलेक्सी नवलनी था, लेकिन आज वो भी नहीं है। पिछले कई सालों से उनकी बात रूस में ध्यान से सुनी जाती थी। उनमें पुतिन और उनके चमचों द्वारा फैलाए गए झूठ का भंडाफोड़ करने की क्षमता थी। नवलनी इस झूठ का पर्दाफाश में सक्षम थे पुतिन और उनके साथी मजबूत राष्ट्र के निर्माण में जुटे आदर्शवादी और सीधे-सच्चे लोग हैं। नवलनी को वहां के कुलीन वर्ग की काली करतूतों और भ्रष्टाचार का खुलासा करने में महारत हासिल थी। पहली बार रूस की जनता को एक अलग प्रकार की राजनीति देखने का मौका मिला था। इसके पहले तक वे राष्ट्रपति के रूप में पुतिन के अलावा किसी और की कल्पना भी नहीं कर सकते थे।नवलनी आशा की किरण थे। लेकिन अब वे नहीं हैं और अँधेरे ने अपना साम्राज्य कायम कर लिया है। जनता को मानों लकवा मार गया है। कई लोग तो सडक़ों पर निकलने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहे हैं और रूस छोडऩे की जुगत में हैं। हालांकि ऐसी खबरें है कि इस चुनाव में कई नागरिकों ने अपना विरोध प्रदर्शित करने के लिए मतपेटियां में स्याही उड़ेल दी, या विस्फोटकों से उन्हें नष्ट कर दिया या आग लगाने का प्रयास किया। लेकिन इससे अंतिम नतीजे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अंतर्राष्ट्रीय प्रेस का मानना है कि यह सब नवलनी से प्रेरित लोगों द्वारा ही किया गया।

# फतेह का रौंगटे खड़े कर देने वाला टीजर हुआ जारी, दुश्मनों का सफाया करते दिखे सोनू सूद

बॉलीवुड के रियल हीरो सोनू सूद की मोस्ट अवेटेड फिल्म फतेह का टीजर रिलीज हो गया है. फतेह के टीजर से पता चलता है कि सोनू सूद अपनी इस फिल्म में कितना खौफनाक रोल करने जा रहे हैं. इस फिल्म को खुद सोनू सूद ने डायरेक्ट किया है. एक्टर ने फिल्म से एक पोस्टर रिलीज कर टीजर की रिलीज डेट का खुलासा किया था. अब सोनू ने देर ना करते हुए टीजर रिलीज कर दिया है. इस फिल्म में सोनू सूद के साथ एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस भी नजर आ रहीं हैं।



सोनू सूद की एक्शन ड्रामा फिल्म फतेह का 1.40 मिनट का टीजर बेहद खौफनाक है. इसकी शुरुआत इस वॉयस ओवर से होती है कि, फतेह तुमनें 40... इतने में फतेह के रोल में दिख रहे सोनू सूद ने बोलते हैं...40 नहीं 50 ... इसके बाद सोनू सूद एक-एक कर बदमाशों को शूट करते दिख रहे हैं. टीजर के साथ-साथ सोनू ने बताया है कि फिल्म साल 2024 में ही रिलीज होगी, लेकिन इसकी रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया है.

बता दें, सोनू सूद अपनी फिल्म फतेह के सेट से अब कई तस्वीरें शेयर कर चुके हैं. इन तस्वीरों को शेयर कर सोनू सूद ने कैप्शन में लिखा था फतेह मेरे लिए स्पेशल और निजी फिल्म रही है. यह उन युथ को श्रद्धांजलि है जो कई तरह से साइबर क्राइम का शिकार हो चुके हैं...तैयार हो जाइए.

सोनू सूद के संग फिल्म में जैकलीन फर्नांडिज लीड रोल में होगीं. साइबर क्राइम की रियल लाइफ स्टोरीज पर बनी इस फिल्म की शूटिंग बहुत पहले ही पूरी हो चुकी है. एक्टर ने जैसे ही सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर कीं तो फैंस ने झमाझम लाइक्स और कमेंट्स की बात कर दी थी.

एक फैन ने लिखा था, आपकी फिल्म के लिए हम एक्साइटेड हैं और ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते. फतेह में सोनू सूद और जैकलीन फर्नांडिज के साथ ही शिवज्योति राजपूत, विजय राज के साथ ही अन्य एक्टर्स भी अहम रोल में नजर आने वाले हैं.

## जयदेव उनादकट काउंटी चैम्पियनशिप के लिए ससेक्स से फिर किया अनुबंध, खेलेंगे 5 मैच

नईदिल्ली, भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने काउंटी क्रिकेट चैम्पियनशिप के लिए फिर से पुरानी टीम और इंग्लिश क्लब ससेक्स से अनुबंध कर लिया है।वह इंडियन प्रीमियर लीग के बाद चैंपियनशिप के आखिरी 5 मैचों के लिए ससेक्स के साथ जुड़ेंगे।उनादकट ने पिछले सीजन में ससेक्स के लिए अंतिम 4 मैचों में से 3 खेले थे और 24.18 की औसत से 11 विकेट चटकाए थे। इससे टीम को डिवीजन-2 में तीसरा स्थान हासिल करने में मदद मिली थी। नए अनुबंध पर उनादकट ने कहा, पिछले सीजन होव में मैने लीसेस्टरशायर के खिलाफ आखिरी दिन 6 विकेट चटकाकर टीम को 15 रनों से रोमांचक दिलाने में मदद की थी। उस प्रदर्शन ने मुझे काउंटी क्रिकेट और ससेक्स में घर का अहसास कराया था।उन्होंने कहा, जब मुख्य कोच पॉल फार्ब्रेस ने मुझे इस सीजन के आखिरी चरण के लिए अनुबंध की पेशकश की तो मुझे बहुत खुशी हुई। उम्मीद है मैं टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करूंगा। मुख्य कोच फार्ब्रेस ने कहा, उनादकट ने पिछले सीजन बेहतरीन प्रदर्शन किया था और उम्मीद है कि वह इस सीजन भी वही लय बरकरार रखेंगे। हम सभी खुश हैं कि उनादकट आखिरी 5 चैंपियनशिप मैचों के लिए द फर्स्ट सेंट्रल काउंटी ग्राउंड लौट रहे हैं।

# शार्दुल ठाकुर के घरेलू क्रिकेट शेड्यूल पर सवाल उठाने के बाद बीसीसीआई ने बनाई समीक्षा समिति

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू क्रिकेट के शेड्यूल को लेकर एक समीक्षा समिति का गठन किया है।18 मार्च को शीर्ष परिषद ने मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर, नेशनल क्रिकेट एकेडमी के निदेशक वीवीएस लक्ष्मण, महाप्रबंधक अबे कुरुविला और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को इस समिति में शामिल किया है।बता दें कि कुछ दिन पहले शार्दुल ठाकुर ने घरेलू शेड्यूल को लेकर कई सवाल उठाए थे।



दिग्गजों के साथ बनी समिति सबसे पहले घरेलू क्रिकेट पर मौसम के प्रभाव की समीक्षा करेगी। रणजी ट्रॉफी जो 10 मार्च को समाप्त हुई वह खराब मौसम से काफी प्रभावित रही थी।खासकर पूर्वी और उत्तरी स्थानों पर खेले गए मैचों में काफी प्रभाव पड़ा था।साथ ही यह समिति घरेलू क्रिकेट कैलेंडर की भी समीक्षा करेगी। ऐसा माना जा रहा है कि खिलाड़ियों को बहुत जल्दी-जल्दी मुकाबले खेलने पड़ रहे हैं। ऐसे में उन्हें कुछ राहत मिल सके।

शार्दुल मुंबई क्रिकेट टीम के लिए इस सीजन रणजी ट्रॉफी खेले थे। तमिलनाडु के खिलाफ उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर का पहला शतक भी जड़ा था।इसी शतक के बाद उन्होंने टाइट शेड्यूल के बारे में अपनी बात रखी थी।उनका कहना था कि 3 दिन के अंतराल के साथ बैक टू बैक मैच खेलना ठीक नहीं है। अगर ऐसे ही खिलाड़ी लगातार खेलते रहे तो चोटिल होने की संभावना काफी बढ़ जाएगी। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है।

शार्दुल ने यह भी कहा था कि अगले साल बीसीसीआई को इसपर फिर से विचार करना चाहिए।

# रुसलान के सॉन्ग से पहले आयुष-सुश्री का पोस्टर रिलीज, दिखी कमाल की केमिस्ट्री

रुसलान के निर्माताओं ने फिल्म के गाने की रिलीज़ से पहले मुख्य कलाकार आयुष शर्मा और सुश्री मिश्रा का एक शानदार पोस्टर जारी किया है, जिसने गाने के लिए उत्साह कई गुना बढ़ा दिया है। गाना 19 मार्च को रिलीज होने वाला है।

अपनी शानदार धुन और अच्छी लिरिक्स के साथ, गाना ताड़े एक ऐसा ट्रैक बनने का वादा करता है जिसे लोगों के दिमाग से निकालना मुश्किल होगा।

पोस्टर उस दुनिया की एक आकर्षक झलक पेश करता है जिसमें फिल्म नेविगेट करती है। गाना सारेगामा के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया जा रहा है। इस बहुप्रतीक्षित गाने को विशाल मिश्रा ने गाया और संगीतबद्ध किया है। बोल शब्बीर अहमद के हैं।

अपने शानदार कलाकारों, मनमोहक कहानी और मंत्रमुग्ध कर देने वाले संगीत के साथ, रुस्लान एक ऐसी एक्शन फिल्म बनने के लिए तैयार है जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी।गाना ताड़े की रिलीज का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह गाना दर्शकों को एक संगीतमय यात्रा पर ले जायेगा जो क्रेडिट रोल ख़त्म होने के बाद भी दिलों में लंबे समय तक बना रहेगा।शर्मा ने कहा, संगीत में दिल और आत्मा को छूने की अनोखी शक्ति होती है। रुसलान के गीत ताड़े के साथ, हम एक ऐसा मेलोडी साझा करने के लिए उत्साहित हैं जिससे हम प्यार करते हैं।

उन्होंने आगे कहा, विशाल ने अभूतपूर्व काम किया है और एक ऐसा ट्रैक बनाया है जिसमें भावनाओं और लय का मिश्रण है। ताड़े के जादू में डूबने के लिए तैयार हो जाइए। हम जल्द ही इस मनमोहक रचना को दुनिया के सामने पेश करेंगे।आयुष शर्मा, सुश्री मिश्रा, जगपति बाबू और विद्या मालवड़े की महत्वपूर्ण भूमिकाओं के साथ, रुस्लान करण एल बुटानी द्वारा निर्देशित और श्री सत्य साईं आर्ट्स द्वारा निर्मित है।

## बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी जारी, मानुषी और अलाया ने रेत में बिखेरा जलवा

बॉलीवुड खिलाड़ी यानी एक्टर अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म ह्यबड़े मियां छोटे मियांह्न को लेकर सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल अप्रैल में रिलीज होगी। इस फिल्म में पहली बार बड़े पर्दे पर अक्षय और टाइगर की जोड़ी धमाल मचाती नजर आएगी। इस फिल्म को लेकर अब तक कई अपडेट्स सामने आ चुके हैं। अब इसी बीच इस फिल्म से नया गाना सामने आया है। आपको बता दें कि अली अब्बास जफर के डायरेक्शन में बनी ह्यबड़े मियां छोटे मियांह्न अगले महीने रिलीज हो रही है। इस फिल्म के रिलीज होने का फैंस इंतजार कर रहें हैं। अब इसी बीच इस फिल्म का नया गाना ह्यवल्लाह हबीबीह्न रिलीज हो गया है, जिसमें अक्षय और टाइगर के साथ मानुषी छिल्लर और अलाया एफ रोमांस करती नजर आ रहीं हैं।

# आईपीएल 2024 से पहले बीसीसीआई का बड़ा ऐलान, सरफराज और जुरेल पर की करोड़ों की बारिश

नईदिल्ली, इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन के शुरू होने से ठीक पहले बीसीसीआई ने 2 युवा खिलाड़ियों को बड़ी खुशखबरी दी है. विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सरफराज खान को एक स्पेशल लिस्ट में शामिल किया है. इन दोनों खिलाड़ियों को बीसीसीआई ने साल 2023-24 की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट में शामिल कर लिया है.

आईपीएल 2024 के शुरू होने से पहले बीसीसीआई ने विस्फोटक बल्लेबाज सरफराज खान और ध्रुव जुरेल को बड़ी सौगात दी है. बोर्ड ने उन्हें साल 2023-24 के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल कर लिया है.

इन दोनों ही खिलाड़ियों को हाल ही में खत्म हुई टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन का रिवॉर्ड मिला है. बीसीसीआई ने इंग्लैंड के साथ खेली गई टेस्ट सीरीज के चौथे मैच के बाद सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट जारी की थी, जिसमें बताया था कि सरफराज खान और ध्रुव जुरेल को तीसरा टेस्ट खेलने के बाद सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल कर लिया जाएगा.

सोमवार को हुई बीसीसीआई एपेक्स काउंसिल मीटिंग में इनके नामों पर मुहर लगा दी गई. इन दोनों खिलाड़ियों को अब बीसीसीआई की ओर से सालाना 1 करोड़ रुपये दिए जाएंगे. आपको बता दें, इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू करते हुए दोनों खिलाड़ी छा गए थे.

एक ओर जहां सरफराज ने 3 टेस्ट मैचों में 3 फिफ्टी लगाई, वहीं ध्रुव जुरेल ने रांची में मुश्किल परिस्थितियों में 90 और 39* रन की पारी खेली. अपने दूसरे ही मैच में जुरेल ने मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी जीत लिया.

बीसीसीआई 2023-24 के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ियों की लिस्ट

ग्रेड ए+ -रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा. ग्रेड ए - आर अश्विन, मो. शमी, मो. सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या.

ग्रेड बी - सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जयसवाल.

ग्रेड सी - रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, अवेश खान और रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल.

# पहाड़ को बढ़े अनिल बलूनी, विकास कार्यों पर मतदान की अपील


लैंसडौन में जनता का अभिवादन करते भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी

## भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी से दुगड्डा, लैंसडौन व सतपुली में किया रोड शो

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : एक दिन पूर्व कोटद्वार में रोड शो व जनसभा करने के बाद अब भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने पहाड़ की ओर अपना रूख कर दिया है। मंगलवार को अनिल बलूनी ने दुगड्डा, लैंसडौन व सतपुली में रोड शो के साथ ही जनसभाएं की। इस दौरान उन्होंने जनता के केंद्र व प्रदेश सरकार के विकास कार्यों को देखकर ही मतदान करने की अपील की।

मंगलवार सुबह अनिल बलूनी दुगड्डा पहुंचे। यहां दुगड्डा बैरियर में भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। बाजार में रोड शो करने के बाद अनिल बलूनी पर्यटक नगरी लैंसडौन पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लैंसडौन का पुराना वैभव लौटाने के साथ ही इसे आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाया जाएगा। जनता को भाजपा के विकास कार्यों को देखते हुए ही मतदान करना चाहिए। इस मौके पर लैंसडौन विधायक दिलीप सिंह रावत, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे। इसके बाद बलूनी गुमखाल होते हुए सतपुली पहुंचे। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। रोड शो के बाद बलूनी ने बाजार का भ्रमण भी किया। स्थानीय वेडिंग प्वाइंट में सैकड़ों कांग्रेसियों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बलूनी ने कहा कि केंद्र में भाजपा को मजबूत करने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस मौके पर पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी, द्वारीखाल ब्लाक प्रमुख महेंद्र राणा, वेद प्रकाश वर्मा, शांति देवी, कमल किशोर, सुरेंद्र सिंह, अंजना वर्मा आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस छोड़ थामा भाजपा का दामन

सतपुली स्थित एक बारात घर में जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। भाजपा ज्वाइन करने वालों में बृजमोहन सिंह नेगी, अनिता देवी पूर्व कनिष्ठ प्रमूख, सज्जन सिंह रावत, मनोहर पहाड़ी सहित अनेक लोग थे। एक स्वर में सभी ने भाजपा को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## उक्रांद ने किया न्यायालय के आदेश का स्वागत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा कांड को लेकर दिए गए न्यायालय के फैसले का उत्तराखंड क्रांतिदल ने स्वागत किया है। कहा कि भले ही न्याय देर से मिला हो। लेकिन, इस फैसले से न्यायालय पर भरोसा बढ़ा है। मंगलवार को उत्तराखंड क्रांति दल की बैठक आयोजित की गई। उत्तराखंड क्रांति दल के संरक्षक डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि 2 अक्टूबर 1994 को जो उत्तर प्रदेश पुलिस ने आंदोलनकारियों व आंदोलनकारी महिलाओं के साथ बर्बरता की वह निंदनीय था। न्यायालय ने मामले में दो दोषियों को सजा सुनाई है। कहा कि इस फैसले के बाद लोगों का न्यायालय पर भरोसा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मामले के दोषियों आरोपियों को फांसी मिलनी चाहिए। जब तक अपराधियों को सजा नहीं मिलती उक्रांद अपना संघर्ष जारी रखेगा। कार्यक्रम में आंदोलनकारियों के योगदान को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। इस मौके पर जगदीपक सिंह, सत्य प्रकाश भारद्वाज, प्रवेश चंद्र नवानी, पुष्कर सिंह रावत, रमेश चंद्र कोठारी, सत्यपाल सिंह नेगी, सर्वेंद्र काला, भारत मोहन काला, राजेंद्र प्रसाद, पंत, विनोद चौधरी, सतपाल नेगी, सर्वेश बड़थ्वाल आदि मौजूद रहे।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में स्वाति ध्यानी रही अव्वल


प्रतियोगिता की अव्वल छात्रा को सम्मानित करती प्राचार्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में गणित विभाग की ओर से वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में स्वाति ध्यानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्ररित किया।

वाद-विवाद में स्वाति ध्यानी पहले, अवंतिका सेमवाल दूसरे और मंदीप सिंह तीसरे, कविता पाठ प्रतियोगिता में मीनाक्षी व निधि ध्यानी ने संयुक्त रूप से पहला, हिमांशु ने दूसरा और विनीता व विशाल ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य जानकी पंवार ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ना चाहिए। गणित विभाग प्रभारी डॉ. तृप्ति दीक्षित ने कहा कि प्रतियोगिताएं छात्रों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करती हैं। इसलिए सभी छात्रों को सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर गणित विभाग के सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# होली के गीतों पर झूमी महिलाएं


होली के गीतों पर झूमती महिलाएं

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कुमांऊ सामाजिक सांस्कृतिक मैत्री संगठन की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने होली के गीतों पर खूब नृत्य किया। साथ ही एक-दूसरे को होली की भी बधाईयां दी।

संगठन ने एक दूसरे पर गुलाल का टीका लगाकर होली की शुरूआत की। सदस्यों ने बताया कि कुमांऊ सामाजिक सांस्कृतिक मैत्री संगठन की ओर से प्रत्येक वर्ष होली का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष यह महोत्सव लालढांग चमरिया में आयोजित किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में कोटडीढांग, लालढांग, सिगड्डी, कलालघाटी, मोटाढांक, चमरिया, दुर्गापुरी, लछमपुर, रसूलपुर सहित अन्य क्षेत्रों में रहने वाले सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। जिसमें कीर्तन मंडलियों की ओर से भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन के अध्यक्ष हुकम सिंह नेगी, मुख्य अतिथि नंदन सिंह जलाल, प्रधानाचार्य मोहन चंद्र हतेली लालढांग क्षेत्र की क्षेत्र पंचायत सदस्या राजेश्वरी ने अपना विशेष योगदान दिया। लोकगायक दयाशंकर फलारा व अनिता नेगी सहित अन्य कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में चमरिया क्षेत्र की महिला कीर्तन मण्डली, सिद्धबाबा मंडली, भागीरथी कीर्तन मंडली कोटडीढांग, सिगड्डी की महालक्ष्मी कीर्तन मंडली, लछ्लपुर कलालघाटी की पार्वती कीर्तन मंडली सहित अन्य कीर्तन मंडलियों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर रविंद्र मनराला, पूरन अधिकारी, प्रताप सिंह, कुंदन सिंह नेगी, अजय कुकरेती, जगदीश पांडे, हरीश जोशी, भारत सिंह रावत, आनंद रावत, दीपक बिष्ट, दीवान अधिकारी, आनंद प्रकाश शर्मा, जगत सिंह पटवाल, मीना अधिकारी, पार्वती बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## नजीबाबाद में बनें वंदे भारत ट्रेन का स्टोपेज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड कर्मचारी संघ ने देहरादून से चलने वाली वंदेभारत ट्रेन का नजीबाबाद में स्टोपेज बनाने की मांग की है। कहा कि इससे गढ़वाल क्षेत्र के यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी।

इस संबंध में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के सदस्यों ने केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजा।

उन्होंने कहा कि देहरादून से लखनऊ तक वंदेभारत ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में यदि इस ट्रेन का स्टोपेज नजीबाबाद में बनाया जाता है तो इसका लाभ गढ़वाल क्षेत्र को भी मिलेगा। कहा कि गढ़वाल क्षेत्र के प्रतिदिन सैकड़ों लोग लखनऊ के लिए जाते हैं।

# आईएचएमएस के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

### आम्रपाली यूनिवर्सिटी की ओर आयोजित की गई अभ्युदय राष्ट्रीय हॉस्पीटेलिटी टैलेंट हंट-2024 प्रतियोगिता


प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय पाक कला प्रतियोगिता अभ्युदय राष्ट्रीय हॉस्पीटेलिटी टैलेंट हंट-2024 में प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया है। छात्रों के अव्वल प्रदर्शन से संस्थान प्रबंधन, प्राध्यापकों और कर्मचारियों में खुशी का माहौल है।

संस्थान के ईडी अजयराज नेगी ने बताया कि आम्रपाली यूनिवर्सिटी हल्द्वानी की ओर से 18वां अभ्युदय राष्ट्रीय हॉस्पीटेलिटी टैलेंट हंट-2024 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें देशभर के करीब 12 कालेजों के होटल मैनेजमेंट कोर्स के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संस्थान के ट्रेनर शैफ टेकचंद्र कुंवर के द्वारा प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं की टीम ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। बताया कि होटल मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष पंकज कुकरेती और प्राध्यापक नवीन किशोर के मार्गदर्शन में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने मैजिक मिलैट इनोवेशन चैलेंज प्रतियोगिता में छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें उन्होंने चिकन कोरमा अवधी, पनीर पसांदा, तंदूरी आलू और एप्पल जलेबी बनाई। निर्णायकों के द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर संस्थान की ओर से बनाए गए लजीज व्यंजनों को प्रथम स्थान दिया गया। संस्थान में की टीम में छात्रा रोशनी रावत, काजल रावत, छात्र निखिल जोशी, आशुतोष चंद्रा, फाजिल बकार, विवेक खत्री शामिल रहे।

# गोला फेंक में वैशाली व कार्तिक रहा प्रथम


महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्रा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान गोला फेंक प्रतियोगिता में वैशाली व कार्तिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्राचार्य जानकी पंवार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। क्रीड़ा प्रभारी अजीत सिंह व हीरा सिंह ने बताया कि गोला फेंक छात्रा वर्ग में वैशाली, ईश, निकिता भट्ट छात्र वर्ग में कार्तिक कुमार, शिवाशु शाह, प्रवेंद्र सिंह बिष्ट, ऊंची कूद छात्रा वर्ग में आरती रावत, प्रीति, साक्षी, छात्र वर्ग में अजीत गुसाईं, सागर रावत, अमन सिंह रावत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। चार सौ मीटर दौड़ छात्र वर्ग में प्रथम अशफाक अली, द्वितीय आसिफ एवं तृतीय मनदीप सिंह रहा। छात्रा वर्ग में प्रथम ललिता रावत, द्वितीय आरती रावत, तृतीय निकिता भट्ट रही। तार गोला प्रक्षेप छात्रा वर्ग में प्रथम ईशा, द्वितीय प्रिया रावत, छात्र वर्ग में गौरव सिंह, द्वितीय कुनाल सिंह, तृतीय कपिल कुमार रहे। चक्का प्रक्षेप छात्रा वर्ग में प्रथम ईशा, द्वितीय प्रिया रावत, तृतीय रवीना रही। लंबी कूद छात्रा वर्ग में प्रथम आरती रावत, द्वितीय प्रिया रावत, तृतीय साक्षी। छात्र वर्ग में प्रथम अशफाक अली, द्वितीय आशिफ अली, तृतीय अजय सिंह रहे। उछल कदम कूद छात्र वर्ग में प्रथम अशफाक अली, द्वितीय सागर रावत, तृतीय मनदीप सिंह बिष्ट, छात्रा वर्ग मे प्रथम ईशा, द्वितीय आरती रावत, तृतीय प्रिया रावत रही। 800 मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में प्रथम ललिता रावत, द्वितीय स्नेहा, तृतीय संध्या, छात्र वर्ग में प्रथम आयुष डोबरियाल, द्वितीय स्थान पर आसिफ अली तृतीय अमरजीत सिंह रहे। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रो. एमडी कुशवाहा, आदेश कुमार, आशा देवी, पीएन यादव, आरएस चौहान, डॉ. सुषमा थलेड़ी, डॉ. शोभा रावत, ऋचा जैन, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. अरुणिमा, डॉ. नीता भट्ट, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. सुनीता नेगी, डॉ. रंजना, डॉ. कविता रानी, डॉ. तृप्ति दीक्षित, डॉ. मानसी वत्स, डॉ. संदीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## खाद्य पदार्थों के 18 सैंपल जांच को भेजे

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : खाद्य सुरक्षा विभाग ने होली के त्योहार को देखते हुए विशेष चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। विभाग ने कई दुकानों का औचक निरीक्षण करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों के 18 सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।

जिला अभिहीत अधिकारी एएस रावत ने बताया कि होली को देखते हुए शहर के एजेंसी चौक, माल रोड, बस स्टेशन, धारा रोड, अपर बाजार आदि क्षेत्रों में दुकानों का निरीक्षण करते हुए गुजिया, लडडू, खुली नमकीन, तैयार भोजन सहित कुल 18 सैंपल लेते हुए जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

बताया कि सैंपल फेल होने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी रचना लाल ने दुकानदारों को साफ-सफाई रखने के साथ ही कई विषयों पर जागरूक किया। टीम में एसडीएम अनामिका, मानसी आदि शामिल रहे।

# वालीबॉल टूर्नामेंट में गढ़वाल विवि की टीम रही अव्वल

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड के स्टूडेंट वेलफेयर सेक्शन की ओर से ओपन वालीबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। महिला एवं पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता में गढ़वाल विवि की टीम चैम्पियन रही। प्रतियोगिता में 14 टीमों ने प्रतिभाग किया। बतौर मुख्य अतिथि एनआईटी के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य श्रीनगर के आस पास के संस्थानों और विभागों के छात्रों और शिक्षकों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने, अपने दैनिक जीवन में उत्साह और टीम भावना विकसित करने तथा दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधि के लिए प्रेरित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। स्पोर्ट्स क्लब के सहयोग से तीन दिनों तक चले प्रतियोगिता में एनआईटी के आदित्य को सर्वश्रेष्ठ अटैकर, गढ़वाल विवि के पुलकित को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और गढ़वाल विवि के देवेन्द्र को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में वालीबॉल क्लब श्रीनगर और एनआईटी उत्तराखंड ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में डांग चौरा ए टीम ने द्वितीय और एनआईटी उत्तराखंड की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एसएसबी के डीआईजी सुभाष चंद नेगी ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को मैडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### आकृति ने पॉवर लिफ्टिंग में रिकॉर्ड बनाकर गोल्ड मेडल जीता

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर गढ़वाल की बेटी ने उत्तराखंड पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप काशीपुर में जूनियर वर्ग में अंडर-69 किग्रा. में कुल 277.5 किग्रा उठाकर स्टेट रिकॉर्ड बनाकर गोल्ड मेडल हासिल किया है। अब आकृति कंडारी का चयन नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। आकृति द्वारा स्टेट रिकार्ड बनाने पर श्रीनगरवासियों ने बधाई देते हुए खुशी जताई है। श्रीनगर शहर के लिए गोल्ड मेडल जीतने वाली आकृति कंडारी श्रीनगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी की बेटी है। कंडारी ने अपनी बेटी की कामयाबी पर कहा कि उनकी बेटी ने गोल्ड मेडल जीतकर शहर ही नहीं पूरे प्रदेश का सम्मान बढ़ाया है। मूल रूप से रूद्रप्रयाग बच्छणस्यूं पट्टी के बामसू गांव के रहने वाले वासुदेव कंडारी की बेटी आकृति जिले स्तर की प्रतियोगिता भी जीत चुकी है। वहीं आकृति का बड़ा भाई आर्यन कडारी पॉवर लिफ्टिंग में अपना नाम रोशन कर चुके हैं। आकृति कंडारी की जीत एवं नेशनल स्तर पर चयन होने पर व्यापार सभा श्रीनगर के अध्यक्ष दिनेश असवाल, गिरीश पैन्यूली, भाजपा मंडल अध्यक्ष जीतेन्द्र धिरवाण, राजीव विश्नोई, संदीप रावत, विजयलक्ष्मी रावत, प्रमिला नेगी, प्रीती गोस्वामी, आचार्य आनंद प्रकाश नौटियाल ने खुशी जाहिर की है। (एजेंसी)

## सांस्कृतिक मूल्यों के साथ मनुष्य का सर्वागींण विकास है लक्ष्यः नौटियाल

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार को उच्च शिक्षा में भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि भारतीय दर्शन एवं भारतीय ज्ञान परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम् विचाराधारा पर आधारित है, जिसमें नैतिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों के साथ मनुष्य का सर्वागींण विकास का लक्ष्य है। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. आरसी भट्ट ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में वेद पुराण उपनिषदों की अत्यधिक महत्ता है। जिसको आधुनिक शिक्षा पद्धति मे जोड़ने की अत्यन्त आवश्यकता है। कार्यक्रम शिक्षा संकाय की डीन प्रो. रमा मैखुरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा का ज्ञान परम आवश्यक है। गुजरात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नीरजा ए गुप्ता, स्कूल ऑफ एजुकेशन इग्नू के निदेश-ाक सीबी शर्मा ने एनसीईआरटी की किताबों में भारतीय ज्ञान को स्थान देने पर जोर दिया। इस मौके पर उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश सरकार के निर्देशक प्रो. कुमार रत्नम, माखन लाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति प्रो. केजी सुरेश, एनएलयू जयपुर के कुलपति प्रो. निष्ठा जसवाल, शिक्षा विभाग प्रो. सुनीता गोदियाल आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में वेबिनार के संयोजक डॉ. अमरजीत सिंह परिहार, डॉ. सिद्धार्थ लोहनी, प्रो. आरसी कोठारी, प्रो. राजकुमार, प्रो. अनिल नौटियाल, प्रो. गीता खंडूरी, प्रो. सीमा धवन आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### सुगम संगीत में साक्षी और रंगोली में शिवानी ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के वार्षिकोत्सव के अंतर संकाय सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिता के पहले दिन सुगम संगीत में कला संकाय की साक्षी डोभाल ने प्रथम, शिक्षा संकाय के लव मैठाणी ने द्वितीय और विज्ञाय संकाय के सुनन्दा चमोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय गायन में कला संकाय साक्षी डोभाल, विज्ञान संकाय की सुनन्दा चमोली और वाणिज्य संकाय की अंलकृता बंगा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### यात्रा से वापस लौटा 55 सदस्यीय श्रद्धालुओं का दल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : श्री बाला जी मंदिर सेवक समिति की ओर से धार्मिक स्थलों की यात्रा करने भेजा गया 55 सदस्यीय श्रद्धालुओं का दल यात्रा पूरी कर सकुशल वापस लौट आया है। दल के वापस पहुंचने पर समिति की ओर से उनका स्वागत किया गया। यात्रा दल प्रमुख सुशील भाटिया ने बताया कि दल ने 15 मार्च को नैमिषारण्य धाम के लिए प्रस्थान किया। वहां पहुंचकर श्रद्धालुओं ने चक्रतीर्थ, विष्णु धाम, भूतेश्वर नाथ मंदिर, मनु शतरूपा तपस्थली सहित हनुमान गढ़ी के दर्शन किए। साथ ही सरयू नदी में स्नान कर पुण्य भी अर्जित किया। यात्री दल में विनीता मलासी, मीनू डोबरियाल, गंगोत्री चौहान, सुनील जांगड़ा और इंदू शर्मा आदि सहित 55 श्रद्धालु शामिल रहे।

### पोस्टर प्रतियोगिता में सुमन ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय एवं नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत गंगा स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छ राष्ट्र स्वस्थ्य राष्ट्र शीर्षक पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वच्छ भारत की परिकल्पना को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सुमन, इसी कक्षा के छात्र पूरण सिंह रावत और बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा पूजा रानी ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

# पीठासीन अधिकारी मतदान प्रक्रिया से पूर्व ईवीएम मशीन की गहनता से जांच करें



जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत प्रेक्षागृह पौड़ी में पीठासीन व प्रथम मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में 888 कार्मिकों में से 21 अनुपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण ले रहे कार्मिकों को ईवीएम, माक पोल, मतदान प्रक्रिया तथा बूथ के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने दायित्वों का पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में जो जानकारी दी जाती है उसे बारीकी से समझे, जिससे मतदान प्रक्रिया के दिवस पर परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान प्रक्रिया से पूर्व ईवीएम मशीन की गहनता से जांच करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्रों में जाते समय व आते समय ईवीएम मशीन को सुरक्षित तरीके से अपने पास रखें। उन्होंने नोडल अधिकारी को प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को संपूर्ण जानकारी देने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष होकर कराना पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी है। वहीं नगर पालिका हॉल में ईवीएम व वीवीपैट की 37 टेबल पर पीठासीन व प्रथम मतदान अधिकारियों को ट्रेनिंग भी दी गई। प्रशिक्षण में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय, नोडल अधिकारी मास्टर ट्रेनर दीपक रावत, मास्टर ट्रेनर संतोष सिंह व मनोज उनियाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आज से शुरू होगी नामाकंन प्रक्रिया

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत बुधवार (आज) 20 मार्च, 2024 को कलेक्ट्रेट के कक्ष संख्या-20 में नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी तथा 27 मार्च को नामाकंन का अंतिम दिवस है। नामाकंन प्रक्रिया की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। अवकाश दिवस पर नामाकंन प्रक्रिया नहीं होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान की देखरेख में नामाकंन प्रक्रिया होगी। नामाकंन के दौरान पार्टी प्रत्याशियों द्वारा 4 प्रस्तावकों को लाना होगा तथा जो निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ेगें उन्हें 10 प्रस्तावक लाना अनिवार्य होगा। नामाकंन प्रक्रिया 11 बजे से प्रारंभ तथा 05 बजे तक होगी। वहीं 28 मार्च को नामाकंन पत्रों की जांच तथा 30 मार्च को प्रत्याशी नाम वापसी कर सकता है।

**सूचना**

प्रियंका गुप्ता पत्नी वैभव गुप्ता गोविन्द नगर कोटद्वार, उत्तराखण्ड ने अपना नाम बदलकर प्रियंका सिंघल पत्नी वैभव गुप्ता रख लिया है, मुझे आज से इसी नाम से जाना व पुकारा जाय।

**प्रियंका सिंघल पत्नी वैभव गुप्ता निवासी गोविन्द नगर, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1703/21)

# पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान कार्मिकों को दिया प्रथम प्रशिक्षण






चमोली : लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना की उपस्थिति में पीजी कॉलेज और राइका गोपेश्वर में मंगलवार को पीठासीन अधिकारियों एवं प्रथम मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण शुरू हो गया है। मतदान कार्मिकों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें मतदान का सामान्य प्रशिक्षण और ईवीएम व वीवीपैट का व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल है। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 1624 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले दिन 400 कार्मिकों को पीजी कॉलेज और 400 कार्मिकों को राइका गोपेश्वर में प्रशिक्षण दिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। देश की निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होना हम सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी मतदान कार्मिकों को पूरे मनोयोग से निर्वाचन के सभी पहलुओं से संबंधित प्रशिक्षण गहनता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर निर्वाचन, एक नया निर्वाचन होता है, नए निर्देश होते है। आयोग के दिशा निर्देशों का भलीभांति अध्ययन करते हुए प्रशिक्षण के दौरान अपनी सभी शंका और संशय का समाधान करें।

पोलिंग स्टेशन के लिए निर्धारित रूट प्लान के अनुसार ही मूवमेंट करें। किसी का आतिथ्य स्वीकार न करें। उन्होंने बताया कि जनपद के 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। शैडो एरिया वाले बूथों पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी। किसी को भी मतदेय स्थल पर मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए मतदान कार्मिकों को पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अभिनव शाह ने सभी मतदान कार्मिकों को पोस्टल बैलेट और ईडीसी से अनिवार्य रूप से मतदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात जनपद चमोली के कार्मिक ईडीसी के माध्यम से अपना वोट करेंगे और अन्य जनपद एवं राज्यों के कार्मिक को पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मतदान कार्मिक अपने सेक्टर ऑफिसर के संपर्क में रहे और कोई भी संशय होने पर तत्काल अपने सेक्टर अधिकारी को इसकी जानकारी दे और इसका समाधान करें। इस दौरान स्वीप कार्यक्रम के जिला समन्वय कुलदीप गैरोला ने जनपद में स्वीप गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए मतदान कार्मिकों से प्रशिक्षण संबधी सवाल और उनका समाधान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर प्रवक्ता एपी डिमरी, मनोज तिवारी, जयदीप झिंक्वाण, दिगपाल रावत, केसी पंत, जयवीर रावत एवं विनोद रावत ने पीजी कॉलेज एवं राइका गोपेश्वर में पीठासीन एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को मतदान का सामान्य प्रशिक्षण के साथ ही ईवीएम मशीन की तकनीकी, प्रयोग तथा ईवीएम मशीन हैंडलिंग, व्यावहारिक जानकारी दी।

## गढ़वाल लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी गोदियाल ने रोड शो किया

चमोली : गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने गोपेश्वर में रोड शो किया। शो में कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। रोड शो के बाद उन्होंने गोपीनाथ शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ, आकाश भैरव और गणेश भगवान की पूजा अर्चना की। मंगलवार को गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ गोपेश्वर में पैदल ही रोड शो किया। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार वे कार्यकर्ताओं के साथ गोपेश्वर पहुंचे। उन्होंने गांवों से खरीदारी करने आई महिलाओं, अस्पताल जाते बीमार लोगों के पैर छू कर कुशल क्षेम पूछी। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से भी वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि हिमालय न सिर्फ राष्ट्र की सीमा का प्रहरी है। बल्कि ऐशिया का वाटर टैंक भी है। वन, जल और यहां के जैविक उत्पाद का बाजार बना कर आर्थिकी को मजबूत करना मेरा विजन है। स्वयं सहायता से जुड़ी महिलाओं को कृषि और शिल्प से हर महीने 15000 हजार रुपये का आर्थिक उपार्जन हो इसके लिए मेरे पास विजन है। कहा कि बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष के बतौर मैंने सभी सदस्यों के साथ मिलकर जो कार्य किया उसका सफल परिणाम दुनिया देख रही है। कहा कि भाजपा झूठ का बाजार बनाती है। कहा कि भगवान राम हम सबको जीवन में लाए हैं और भाजपा कहती है हम राम को लाए हैं। रोड शो में कांग्रेस की ओर से गढ़वाल लोक सभा संयोजक और प्रतापनगर टिहरी विधायक विक्रम सिंह नेगी, केदारनाथ के पूर्व विधायक मनोज रावत, चमोली के पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष और अध्यक्ष रहे लखपत बुटोला, चमोली, रुद्रप्रयाग, पौडी, सहित विभिन्न जिलों से आए कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

### नौटी गांव में 22 को लगेगा स्वास्थ्य शिविर

चमोली : सिद्ध पीठ नन्दाधाम नौटी गांव में 22 मार्च आयोजित होने वाले नन्दा देवी हरियाली मेले में द हंस फांउडेशन हास्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य का आयोजन किया जायेगा।

द हंस फाउंडेशन हास्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएस रावत ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण और दवा वितरण किया जाएगा।

### भाषण में अरुण ने मारी बाजी

चमोली : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में सोमवार को गंगा स्वच्छता मिशन के अंतर्गत नमामि गंगे के तत्वावधान में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया।

इसके तहत भाषण प्रतियोगिता में अरुण प्रकाश ने प्रथम, करिश्मा ने द्वितीय, अभिषेक शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

काव्य पाठ में सौरभ सती ने प्रथम, प्रमिला ने द्वितीय, रिंपा ने तृतीय, निबंध प्रतियोगिता में रश्मि ने प्रथम, योगिता ने द्वितीय, प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में यशवंत सिंह ने प्रथम, इशांत हटवाल ने द्वितीय, प्रीति ने तृतीय और पेंटिंग प्रतियोगिता में आकाश कुमार ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय, जसवंत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

(एजेंसी)

## पर्यटन के क्षेत्र में उद्यम की संभावनाओं और होमस्टे के बारे में बताया



जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में देवभूमि उद्यमिता योजना के अन्तर्गत आईक्यूएसी और कैरियर काउंसिलिंग सेल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के नवें दिवस पर प्रदेश के देवभूमि उद्यमिता प्रोजेक्ट कोर्डीनेटर, डॉ. सुमित कुमार ने प्रतिभागियों को उद्यमिता के लिए आईडिया जेनेरेशन, उपभोक्ता की पहचान और सीग्मेण्टेशन, प्रोडक्ट वेल्यू प्रोर्पटीज और स्पेशलाइजेशन के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए आवश्यक तथ्यों के विषय में भी जानकारी प्रदान की। डॉ. नीरज असवाल, असि. प्रो. भूगोल, ने प्रतिभागियों को पर्यटन के क्षेत्र में उद्यम की संभावनाओं और होमस्टे के विषय में जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने उद्यम के लिए अपने आईडियाज को भी प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुतीकरण में मशरूम फार्मिंग, मधुमक्खी पालन और वागवानी के क्षेत्र में प्रतिभागियों में विशेष रूचि दिखायी दी। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी



चमोली : सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जोशीमठ के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया। छात्रों ने नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सोशल मीडिया के प्रभाव के संदेश, योगासन, मीनर, लेजियम, गढ़वाली लोक जागर की प्रस्तुति दी। छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत महाभारत नृत्य नाटिका तथा एरोबिक नृत्य की प्रस्तुतियों को उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यालय प्रधानाचार्य शंभू चमोला ने गत वर्ष की विद्यालय की प्रगति आख्या उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों के सम्मुख प्रस्तुत की। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार, नमामि गंगे सहसंयोजक उत्तराखंड ऋषि सती, माधव प्रसाद सेमवाल, प्रधानाचार्य शंभू चमोला, प्रकाश पंवार, भारत भण्डारी, मनोज बुटोला, हरेंद्र नेगी, कैलाश भट्ट, आशुतोष डोभाल, नितिन भट्ट, चन्द्रकला परमार, आरती नेगी, करिश्मा, बिंदु आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### चमोली में 19 जोनल और 125 सेक्टर अधिकारी तैनात

चमोली : चमोली जिले में चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 19 जोनल और 125 सेक्टर अधिकारियों की तैनाती की गई है।

इसके अतिरिक्त 10 वीडियो निगरानी टीम, 20 उड़नदस्ता, 24 स्थैतिक निगरानी तथा 3 वीडियो अवलोकन टीमें बनाई गई है। जनपद चमोली की तीनों विधानसभा के अतंर्गत 26 शैडो एरिया है। जहां पर कोई भी नेटवर्क नहीं है। इन मतदेय स्थलों पर जिला प्रशासन द्वारा सेटेलाइट फोन की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव में इस बार 592 मतदेय स्थलों में से 304 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था भी की गई है। (एजेंसी)



### मेहलचौंरी कस्बे में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

चमोली : गैरसैंण प्रखंड़ के मेहलचौंरी एवं माईथान कस्बे में मंगलवार को आसन्न लोकसभा चुनावों को निष्पक्ष एवं शांति पूर्वक संपादित करने के लिए थाना पुलिस गैरसैंण, मेहलचौंरी एवं माईथान चौकी पुलिस, होमगार्ड एवं आईटीबीपी की संयुक्त टीम ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में एसओ गैरसैंण जयपाल सिंह नेगी, एसआई संपूर्णानंद जुयाल, आईटीबीपी के कंपनी कमांडर किशन सिंह बड़वाल सामिल रहे। (एजेंसी)

## घरों की देहरियों पर फूल डालकर बच्चे कर रहे सुख स्मृद्धि की कामना

रुद्रप्रयाग : बच्चों का प्रमुख पर्व फूलदेई उत्सव को लेकर जगह-जगह बच्चे सुबह घरों की देहरियों पर फूल डालकर सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। इस त्योहार का 21 मार्च को घोघा पूजा और सामूहिक भोज के साथ समापन होगा। मंगलवार को सुबह बच्चों ने रोज की तरह मठ-मंदिरों एवं घरों की चौखट पर घोघा डोली के संग में फूल डाले और बंसत के गीतों के साथ घोघा की डोली धूमधाम से नचाया। जिले में छटवें दिन भी फूलदेई उत्सव बच्चों ने उत्साह के साथ मनाया। सांयकाल को बच्चों द्वारा फ्यूंली, बुरांश, गुलाब,पंय्या सहित कई प्रकार के फूलों को एकत्रित किया गया। जबकि सुबह सबेरे उठकर बच्चों ने बसंत के गीतों के साथ मठ–मंदिर एवं घरों के चौखट में फूल डाले। इसके बाद फुलारी टोलियों ने घोघा देवता की डोली को झूम झूमकर नचाया। जिसमें छोटे–छोटे बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आगामी 21 मार्च को आठवें दिन फूलदेई उत्सव का सामूहिक भोज के साथ समापन होगा।

### आशुतोष व मेघा बनें महाविद्यालय चैंपियन

चमोली : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गैरसैंण के दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न हो गई। इन प्रतियोगिताओं में बालक वर्ग में आशुतोष एवं बालिका वर्ग में मेघा को व्यक्तिगत चैंपियन घोषित किया गया। राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में आशुतोष, अजय व पंकज, बालिका वर्ग में मेघा, दीपा व शिल्पी, 200 मीटर में आशुतोष, अजय व बद्री, बालिका वर्ग में नंदी, दीपा व संगीता, 800 मीटर में आशुतोष, अजय व पंकज तथा बालिका वर्ग में मेघा, नंदी व दीपा लम्बी कूद में आशुतोष, अजय व सौरभ बालिका वर्ग में शिल्पी, दीपा व मेघा ऊंची कूद में अनुज, अजय व सौरभ बालिकाओं में शिल्पी मेघा व संगीता भाला फेंक में अजय, सौरभ व अनुज, बालिकाओं में संजना, पूजा व दीपा में क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे जबकि शतरंज में अनुमोल विजेता तथा आशुतोष उप विजता रहे।

### सोलो नृत्य में शालिनी और रैपिंग में अमन ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय कला मंच की ओर से गढ़वाल विवि में रूद्राक्ष फेस्ट 2024 में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। बीट्स एंड टोन्स फ्रॉम एवरी कॉर्नर ऑफ भारत थीम पर आयोजित रूद्राक्ष फेस्ट के संगीत प्रतियोगिता में ध्रुव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोलो नृत्य में शालिनी, ग्रुप डांस में रिदम टीम ने प्रथम, नृत्य में नवीन और सुनीता, संगीत में हिमांक और सिराज, रैपिंग में अमन बिंदोला ने बाजी मारी।

### रोटरी क्लब जरूरतमंदों को बांटे बैग

श्रीनगर गढ़वाल : रोटरी क्लब श्रीनगर ने विकासखण्ड खिर्सू के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय ढिकवाल गांव, राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय क्वीसू-सौडू एवं राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय दत्ताखेत में जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष खिलेंद्र चौधरी ने कहा कि रोटरी क्लब जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहकर कार्य करता है। इस मौके पर क्लब के कोषाध्यक्ष संजय रावत, सत्यप्रसाद घिल्डियाल, रोटेरियन डॉ. राजेन्द्र भण्डारी, अटल भारत सम्मान फाउंडेशन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी गबर सिंह भण्डारी, विपिन गौतम, धीरेंद्र घिल्डियाल, सुनिता नेगी, पूनम रतूड़ी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## गढ़वाल केंद्रीय विवि का वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिडला परिसर में स्व. कैप्टन विजयपाल नेगी की स्मृति में चार दिवसीय वार्षिकोत्सव का मंगलवार को शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि इस तरह के समारोह छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक और बौद्धिक विकास के लिए उपयोगी होते हैं। कहा कि गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल के नेतृत्व में आज विवि बुलंदियों को छू रहा है। गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में हारने वाले तथा जीतने वाले प्रतिभागी सम्मान के बराबर के भागीदार होते हैं। इस दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय की प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि विवि के चौरास परिसर में 150 कम्प्यूटरों का सीयूईटी परीक्षा केन्द्र स्थापित किया गया है।

केन्द्र से भविष्य में न केवल सीयूईटी बल्कि तमाम ऑनलाइन मोड में होने वाली परीक्षाएं सम्पन्न हो सकेंगी। कहा कि युवा हमारे विवि के ब्रांड अम्बेसडर हैं, ये पीढ़ी युवाओं की पीढ़ी है। इस देश के भविष्य को गढ़ने में हमारे शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। मौके पर गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी, मुख्य नियंता प्रो. बीपी नैथानी, कार्यक्रम संयोजक प्रो. आरएस पांडेय, प्रो. आशुतोष गुप्ता, डॉ. ममता आर्य, प्रो. सीमा धवन, डॉ. घनस्याम ठाकुर, डॉ. कपिल पंवार, डॉ. साकेत भारद्वाज, छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल, महासचिव आंचल राणा, उपाध्यक्ष रूपेश नेगी सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## छात्रों ने उपकरण के बारे में जानकारी जुटाई

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के भौतिकी विज्ञान विभाग और वायुमंडलीय भौतिकी प्रयोगशाला की ओर से छात्र-छात्राओं को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रदान की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उपकरणों के प्रयोग करने और उपकरण के बारे में जानकारी जुटाई। कार्यशाला में गढ़वाल विवि के टिहरी कैंपस के भौतिकी विज्ञान विभाग के प्रो. आरसी रमोला ने रेडियम, थोरियम और टाइटेनियम के मानव शरीर में रेडिएशन के प्रभाव के बारे में बताया। आईआईटीएम पुणे के प्रो. वंदना लूथरा एवं डॉ. आविदा चौधरी ने एरोसोल के स्त्रोतों की जानकारी और मॉडलिंग तकनीकों का उपयोग करके एरोसोल के स्त्रोतों की पहचान करने की जानकारी दी। एनआईटी जालंधर के प्रो. रोहित मेहरा ने रेडॉन के स्त्रोत्र तथा रेडॉन का मानव शरीर पर प्रभाव पर चर्चा की। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. कृपा राम ने कार्बोनासियस एरोसोल और उसके वैश्विक ऊष्णता के बारे में बताया। इस मौके पर संगोष्ठी के संयोजक डा. आलोक सागर गौतम आदि मौजूद थे।

### पाबौ से लापता युवती दिल्ली से सकुशल बरामद

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : पाबौ क्षेत्र के एक गांव से लापता चल रही युवती को पुलिस ने दिल्ली से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। पाबौ चौकी प्रभारी नवीन पुरोहित ने बताया कि बीती 10 मार्च को क्षेत्र के एक स्थानीय निवासी द्वारा कोतवाली पौड़ी पर रिपोर्ट लिखाई कि उनकी 22 साल की पुत्री घर से बाजार गई थी, लेकिन वापस घर नहीं आई है। जिस पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गई है। बताया कि जांच करते हुए गुमशुदा युवती को उत्तम नगर, दिल्ली से सकुशल बरामद कर युवती को उनके परिजनों के सकुशल सौंप दिया गया है। परिजनों द्वारा पौड़ी का आभार प्रकट किया गया है। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी बारूदत्त शर्मा, महिला आरक्षी प्रिया, आरक्षी रविंद्र भट्ट आदि शामिल रहे।

### होली के गीतों की रही धूम

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के लोक कला एवं निष्पादन केंद्र के निदेशक प्रो. डीआर पुरोहित के नेतृत्व में बंसतोत्सव होली मिलन कार्यक्रम में होली के गीतों की धूम रही। गायक डॉ. लता पांडे और डॉ. संजय पाण्डे ने सारी हमारी रंगाई क्यों न दे, मल्क मल्क नैना लाल भयै, एसो अनारी चुनर गयों फारी अन्य गीतों की प्रस्तुति देकर होल्यारों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

### रेनबो पब्लिक के दो छात्रों ने गेट परीक्षा उत्तीर्ण की

श्रीनगर गढ़वाल : रेनबो पब्लिक स्कूल के दो छात्रों ने गेट परीक्षा उत्तीर्ण की है, जबकि विद्यालय की एक छात्रा ने काशीपुर में हुए पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। रेनबो स्कूल के छात्र सिद्धार्थ उनियाल ने गेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर देश में 6वां स्थान प्राप्त किया है, जबकि आयुष्मान पुंडीर ने 2300वां स्थान हासिल किया है। वहीं आकृति कंडारी ने काशीपुर में हुए स्टेट पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. रेखा उनियाल और सहायक प्रबंधक निर्देशक रिद्धीश उनियाल ने स्कूल के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। (एजेंसी)

## वालीबॉल टूर्नामेंट में गढ़वाल विवि की टीम बनी चैम्पियन

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड के स्टूडेंट वेलफेयर सेक्शन की ओर से ओपन वालीबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। महिला एवं पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता में गढ़वाल विवि की टीम चैम्पियन रही। प्रतियोगिता में 14 टीमों ने प्रतिभाग किया। बतौर मुख्य अतिथि एनआईटी के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य श्रीनगर के आस-पास के संस्थानों और विभागों के छात्रों और शिक्षकों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने, अपने दैनिक जीवन में उत्साह और टीम भावना विकसित करने तथा दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधि के लिए प्रेरित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। स्पोर्ट्स क्लब के सहयोग से तीन दिनों तक चले प्रतियोगिता में एनआईटी के आदित्य को सर्वश्रेष्ठ अटैकर, गढ़वाल विवि के पुलकित को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और गढ़वाल विवि के देवेन्द्र को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में वालीबॉल क्लब श्रीनगर और एनआईटी उत्तराखंड ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में डांग चौरा ए टीम ने द्वितीय और एनआईटी उत्तराखंड की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एसएसबी के डीआईजी सुभाष चंद नेगी ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को मैडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रुड़की, कलियर थाना प्रभारी दिलबर नेगी ने बताया है कि लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को कलियर धनौरी के बीच से गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से अंग्रेजी शराब की 24 बोतलें बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम मांगेराम निवासी नागल पलूनी बताया है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com